# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन आज उदयपुर में–स्वयं सहायता समूहों को ऋण सहित महिलाओं को मिलेगी कई सौगात।
- 87 मेजर मिनरल्स ब्लॉक की नीलामी कर राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर।
- मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यक्षता करेंगे।
- प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर तेज सर्दी और कुछ स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी।

.....................

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की कडी में आज उदयपुर में राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर महिलाओं को कई सौगाते मिलेगी। महिला निधि बैंक की ओर से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया जायेगा। समारोह में 1 लाख नई लखपति दीदीयों का सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों में दूध वितरण के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना और स्वयं सहायता समूहों के लिए राजसखी पोर्टल का भी शुभारम्भ होगा।

.....................

मुख्यमंत्री श्री शर्मा समारोह से सरस राज सखी राष्ट्रीय मेले का वर्चुअल शुभारंभ भी करेंगे। ये मेला जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में लगाया गया है। राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद की ओर से लगाये गये

इस मेले में देशभर की हुनरमंद उद्यमी महिलाएं अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। 400 स्टॉल्स पर करीब 15 हजार उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिलों में भी महिला सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। बाडमेर में इसका आयोजन महावीर टाउन हॉल में वहीं पाली में राजकीय बांगड महाविद्यालय में होगा। भरतपुर में महिला सम्मेलन यूआईटी सभागार में होगा। वहीं जिलों में विकास प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही है जिनके माध्यम से प्रदेश में हो रहे विकास कार्यो और विभिन्न उपलब्धियों को दर्शाया गया हैं। विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कल बालोतरा में विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया।

.....................

प्रदेश में चालू वित्त वर्ष में अब तक 33 मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई–नीलामी की जा चुकी है। वहीं 87 मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी कर राजस्थान पूरे देश में पहले स्थान पर आ गया है। माइंस और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने कल उदयपुर में खनिज विभाग के अधिकारियों की बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने आगामी वर्ष के लिए 100 से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई–नीलामी के लिए जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉक और प्लॉटों के लिए सभी तैयारियों का रोडमैप बनाया जायेगा। माइनर मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रगति पर श्री रविकान्त ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 890 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र के 429 माइनर मिनरल प्लॉट और क्वारी लाइसेन्स प्लॉटो की ई नीलामी की जा चुकी है इससे राज्य सरकार को नीलामी की प्रीमियम राशि के रुप में 182 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

.....................

आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ऊर्जा की खपत कम करने, ऊर्जा संसाधनों का दक्षता के साथ उपयोग करने और भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने के उद्देश्य से हर साल 14 दिसम्बर को ये दिन मनाया जाता है।

.....................

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटेट का आयोजन किया जा रहा है। ये परीक्षा आज और कल दो पारियों में होगी। परीक्षा के सफल संचालन और परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए ऑब्जर्वर और फ्लाईंग का गठन किया गया है। वहीं राज्य सम्मान परीक्षा योजना के तहत आज स्कूलों में 9वीं से 12 कक्षा तक की अद्धवार्षिक परीक्षाएं हो रही है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्लीं में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को और मजबूत करना तथा विकास को गति देने के लिए बेहतर सहयोग सुनिश्चित करना है। सम्मेलन में सभी राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुडे विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत भी सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंच गए है।

....................

देश के संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर लोकसभा में चर्चा आज भी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री आज चर्चा का जवाब देंगे। कल रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चर्चा की शुरूआत की थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान केवल एक आधिकारिक दस्तावेज ही नहीं बल्कि भारतीय मूल्यों के अनुरूप अद्वितीय है।
श्री सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है।

....................

जोधपुर में कल **'वतन को जानो'** कार्यक्रम का समापन हुआ। कश्मीरी युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय और खेल तथा युवा मामले मंत्रालय की ओर से इसका आयोजन किया गया। यूथ हॉस्टल में हुए इस कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि कश्मीर के युवा

अपनी ऊर्जा और प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कश्मीर सहित देश के युवा '**राष्ट्र प्रथम** के लक्ष्य के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें। इस दौरान कश्मीर से आए युवाओं ने कहा कि राजस्थान और कश्मीर के पर्यटन के लिए एम्बेसडर के रूप में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में कश्मीर के 6 जिलों से 132 युवाओं ने भाग लिया।

....................

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर तेज सर्दी और कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी हैं। बीते 24 घंटों में 8 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सीकर के **फतेहपुर में पारा आज लगातार चौथे दिन माईनस में रिकॉर्ड हुआ**। चित्तौडगढ, बारां, पिलानी, करौली में कडाके की सर्दी के साथ सर्द हवाएं चली। वहीं चूरू, माउंटआबू सहित कई क्षेत्रों में खुले इलाकों में पेड पौधो पर सुबह बर्फ की हलकी परत जमी नजर आई। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि ठण्ड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव जलाना शुरू कर दिया है।

....................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में कुछ स्थानों पर आज और कल शीतलहर जारी रहने की संभावना हैं। इसके बाद राहत के आसार हैं।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

....................